दैनिक भास्कर

# पर्यावरण प्रबंधन की रणनीति की अब मिलेगी पूरी जानकारी

भास्कर संवाददाता | नागपुर

जलवायु परिवर्तन, भूमि क्षरण, वायु एवं जल प्रदूषण, जैव विविधता में कमी और संसाधनों के प्रबंधन आदि चुनौतियों के समाधान में कम्प्यूटेशनल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है। इसलिए सीएसआईआर-नीरी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रतिभागियों को एआई और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग की मदद से बड़े पर्यावरणीय डेटा के विश्लेषण, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, पूर्वानुमान मॉडलिंग तथा पर्यावरण प्रबंधन की रणनीतियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह ग्रीन स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 व 24 अप्रैल को नीरी परिसर, नेहरु मार्ग में आयोजित होगा। कार्यक्रम में शोधकर्ता, शिक्षाविद, उद्योग से जुड़े पेशेवर और नीति-निर्माता भाग ले सकते हैं। इसमें मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स तथा एआई आधारित पर्यावरणीय विश्लेषण की व्यावहारिक जानकारी से अवगत कराया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अलग-अलग विषयों का समावेश किया गया है। विज्ञान या इंजीनियरिंग में स्नातक उम्मीदवारों का पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर चयन किया जाएगा।

**▪ एआई व हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग से ग्रीन स्किल प्रशिक्षण**

दैनिक भास्कर
Tue, 10 March 2026
https://epaper.bhaskarhind